# AGRICULTURE RESEARCH SUB STATION
(S.K.N. AGRICULTURE UNIVERSITY)
## Kumher,Distt. Deeg (Raj.) - 321201

Dr.Ramphool Puniya
Officer Incharge

Mobile No.: 9419256071, 7006932187
Email: incharge.arss.kumher@sknau.ac.in

No. F. /LT/Store/ARSS/K/2026/132-137 Dated-10/06/2026

## सीमित निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कृषि अनुसंधान उपकेन्द्र, कुम्हेर के फार्म में कच्चे पोण्ड से बरसात में बहकर आयी जमी हुयी मिट्टी को बाहर निकालकर निविदादाता को अपने संसाधनों द्वारा बेर उद्यान में डालना है। साथ ही कच्चे पोण्ड में जे.सी.बी. द्वारा पोण्ड को मूल आकार देते हुए सफाई कर मिट्टी हटाने का कार्य करना है। जिसकी दर रुपये प्रति ट्रौली से निर्धारित प्रपत्र में भरकर दिनांक 16.06.2026 तक कार्यालय समय में प्रस्तुत करनी होगी। बाहर निकाली जाने वाली अनुमानित मिट्टी की मात्रा लगभग 250 से 300 ट्रौली होगी। इस कार्य हेतु कार्यालय से निविदा प्रपत्र दिनांक 16.06.2026 प्रातः 11:00 बजे तक प्राप्त कर उसी दिन दोपहर 12:00 बजे तक जमा कराने होंगे तथा दिनांक 16.06.2026 दोपहर 12:30 बजे निविदाताओं के समक्ष समिति द्वारा खोली जावेगी। निविदा प्रपत्र के साथ धरोहर राशि 2000/– रुपये जरिए यूपीआई/डीडी/नकद जो कि ऑफिसर इन्चार्ज, कृषि अनुसंधान उपकेन्द्र, कुम्हेर के नाम से देय होगी, जमा करानी होगी। किसी भी निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता को होगा। सभी शर्तें निविदा प्रपत्र में दर्शाई गई हैं।

प्रभारी अधिकारी

प्रतिलिपिः सूचनार्थ

1. श्रीमान निदेशक अनुसंधान, श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर।
2. श्रीमान वित्त नियंत्रक महोदय, श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर।
3. श्रीमान कोषाधिकारी, श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर।
4. श्रीमान अधिष्ठाता महोदय, कृषि महाविद्यालय, कुम्हेर को भेजकर निवेदन है कि केन्द्र की कमेटी को दिनांक 16.06.2026 को भेजकर निविदा को सम्पन्न कराने का श्रम करायें।
5. श्रीमान क्षेत्रीय निदेशक अनुसंधान, कृषि अनुसंधान केन्द्र, नौगावां–अलवर।
6. समस्त समिति सदस्य।
7. नोटिस बोर्ड कृषि अनुसंधान उपकेन्द्र/कृषि विज्ञान केन्द्र/कृषि महाविद्यालय कुम्हेर।
8. नोटिस बोर्ड तहसील/कय विकय सहकारी समिति/पंचायत समिति कुम्हेर।
9. नोटिस बोर्ड ग्राम पंचायत बैलारा कलां कुम्हेर।

प्रभारी अधिकारी

Scanned with OKEN Scanner

AGRICULTURE RESEARCH SUB STATION
(S.K.N. AGRICULTURE UNIVERSITY)
Kumher,Distt. Deeg (Raj.) - 321201

Dr.Ramphool Puniya
Officer Incharge

Mobile No.: 9419256071, 7006932187
Email: incharge.arss.kumher@sknau.ac.in

No. F. /LT/Store/ARSS/K/2026/132-137 Dated 10/06/2026

## निविदा प्रपत्र

1. निविदा संदर्भ :– No.F./Store/ARSS/K/2026/132-137 Dated:- 10/06/26
2. कार्य विवरण :– कृषि अनुसंधान उपकेन्द्र, कुम्हेर के फार्म में कच्चे पोण्ड से बरसात में बहकर आयी जमी हुयी मिट्‌टी को बाहर निकालकर निविदादाता को अपने संसाधनों द्वारा बेर उद्यान में डालना है। साथ ही कच्चे पोण्ड में जे.सी.बी. द्वारा पोण्ड को मूल आकार देते हुए सफाई कर मिट्‌टी हटाने का कार्य करना है।

**निविदा की शर्तें:–**

1. निविदाऐं सीलबंद लिफाफे में निविदादाता के हस्ताक्षर कर दिनांक 16.06.2026 दोपहर 12:00 बजे तक जमा करावें।
2. उक्त कार्य का अनुमानित व्यय रुपये 70000 होगा, जो कि केन्द्र के रिवोल्विंग मद से किया जावेगा।
3. मिट्‌टी उठाने का कार्य तुरन्त शुरु कर 25 जून 2026 से पहले पूरा करना होगा।
4. ट्रौली स्टैण्डर्ड साइज की होनी चाहिए व मिट्‌टी ऊपर तक भरकर डालनी होगी। ट्रौली की भराई व खलाई फार्म प्रबंधक व फार्म प्रभारी की देखरेख में करनी होगी।
5. पोण्ड में जमी हुयी मिट्‌टी को बाहर निकालने का कार्य करना होगा तथा बताये गये स्थान पर मिट्‌टी को डालना का कार्य फार्म प्रभारी के दिशानिर्देशन में करना होगा।
6. नियमानुसार टी.डी.एस. काटा जावेगा।
7. सफल निविदादाता को कार्यआदेश से पहले कार्य में लगने वाले जे.सी.बी. के रजिस्ट्रेशन, बीमा के दस्तावेज जमा कराने होंगे।
8. सभी ट्रेक्टर/जे.सी.बी. के चालकों वेध ड्राईविंग लाईसेंसशुदा होंगे, ये जिम्मेदारी स्वयं निविदादाता की होगी।
9. निविदादाता के पास पैंन कार्ड, आधार कार्ड की स्वहस्ताक्षरित प्रतियॉ निविदा प्रपत्र के साथ जमा करवानी होंगी।
10. उक्त कार्य प्रातः 07:00 बजे से सांय 06:00 बजे तक ही करना होगा।
11. पोण्ड की गहराई चारो तरफ से समान रखनी होगी, साथ ही पोण्ड को मूल आकार देते हुए बताये अनुसार मिट्‌टी हटानी होगी।
12. मिट्‌टी उठाने/परिसर तक लाने में कोई भी दुर्घटना व क्षति होने पर इसकी जिम्मेदारी स्वयं निविदादाता की होगी।
13. निविदा प्रपत्र के साथ रुपये 2000/– धरोहर राशि जमा करानी होगी।
14. निविदा प्रपत्र में देय कीमत (रुपये) भरते समय किसी भी प्रकार की काट–छांट स्वीकार नही होगी।
15. किसी भी प्रकार का विवाद होने पर विवाद को माननीय कुलपति महोदय, श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय जोबनेर के आर्बीटेशन में प्रस्तुत करना होगा व उनका निर्णय दोनों पक्षों को मान्य होगा।
16. पोण्ड से मिट्‌टी निकालते समय फार्म की चैन लिंक बाउन्ड्री एवं अन्य किसी प्रकार की क्षति होने पर जिम्मेदारी निविदादाता की होगी।
17. सफल निविदादाता को कार्यादेश प्राप्त करने से पहले रुपये 100 के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पर सभी शर्तो के तहत कार्य करने की सहमति व किसी भी प्रकार की दुर्घटना व क्षति होने की जिम्मेदारी स्वयं निविदादाता की होगी, ऐसा लिखकर दो गवाहों व स्वहस्ताक्षरित कर प्रस्तुत करना होगा।

प्रभारी अधिकारी

निविदादाता द्वारा दी जाने वाली दरें –

| क्र.स. | कार्य का विवरण | निविदादाता द्वारा राशि (रुपये) प्रति ट्रोली | विशेष विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | कृषि अनुसंधान उपकेन्द्र, कुम्हेर के फार्म में कच्चे पोण्ड से बरसात में बहकर आयी जमी हुयी मिट्‌टी को बाहर निकालकर निविदादाता को अपने संसाधनों द्वारा बेर उद्यान में डालना है। साथ ही कच्चे पोण्ड में जे.सी.बी. द्वारा पोण्ड को मूल आकार देते हुए सफाई कर पोण्ड के ऊपर खडे बिलयाती बबूलों का हटाकर साफ–सफाई करनी होगी। | | |

निविदादाता हस्ताक्षर

पता :–
मो.नं.–

Officer Incharge
Agril. Res. Sub. Station
Kumher (Bharatpur)

Scanned with OKEN Scanner